# HAMIRPUR POLICE

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत की गई एंटीरोमियों चेकिंग, चलाया गया जागरुकता अभियानः-

आज दिनाँक 18/05/2023 को जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/ बाजार/ सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।






